**प्रेस विज्ञप्ति**

**शिक्षण और स्कूल में उत्कृष्टता के लिए सीबीएसई सम्मान**

21 सितंबर 2021, नई दिल्ली

माननीय शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने आज भारत और विदेश में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के 22 शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को शिक्षण और स्कूल नेतृत्व में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया।

श्रीमती अनीता करवल सचिव (स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता), श्री मनोज आहूजा, अध्यक्ष सीबीएसई और श्री अनुराग त्रिपाठी, सचिव सीबीएसई की विनीत उपस्थिति में एक ऑनलाइन समारोह के दौरान वर्ष 2020-21 के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।

22 पुरस्कार प्राप्तकर्ता प्राथमिक, मिडिल, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के शिक्षक हैं जिन्होंने न केवल अपनी नवप्रवर्तनकारी पद्धतियों के साथ अत्यधिक योगदान दिया है, बल्कि कोविड – 19 महामारी के दौरान चुनौतियों का भी सामना किया और ऑनलाइन मोड में निर्बाध शिक्षण सुनिश्चित किया और छात्रों तक अभिगम किया है।

पुरस्कार प्राप्तकताओं को संबोधित करते हुए माननीय शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा :

*" मैं इस अवसर पर उन प्रेरक शिक्षकों को हार्दिक बधाई देती हूं जिन्होंने शिक्षण और अधिगम में उत्साह, समर्पण और नवाचार का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।*

*आज का दिन हमारे शिक्षकों के शिक्षण, निरंतर उत्साह और प्रतिबद्धता में उत्कृष्टता का उत्सव मनाने का दिन है जिसके बल पर देश हर दिन नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।*

*शिक्षकों ने अपने समर्पित व्यक्तिगत प्रयासों से कोविड-19 स्थिति से उत्पन्न कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों को अच्छी तरह से संभाला है ताकि महामारी उनके छात्रों के अधिगम में बाधा न बने। हम इस कठिन समय के दौरान शिक्षण की नवप्रवतनकारी विधियों को अपनाने, बच्चों को शामिल करने के लिए नई रणनीतियां अपनाने और शिक्षण अधिगम दृष्टिकोण को पूर्णतया बदलने में दिखाई गई उनके ज्ञान और चरित्र की मजबूती की सराहना करते हैं और सम्मान करते हैं। यही कारण है कि शिक्षकों को भी डॉक्टरों, नर्सों आदि जैसे अन्य लोगों के साथ कोरोना वारियर्स की श्रेणी में शामिल किया गया है। "*

माननीय राज्य शिक्षा मंत्री ने आगे कहा : "*शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षा प्रणाली में और अधिक प्रोफेशनलिज़्म, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ और अधिक परिवर्तन लाने की अपेक्षित है। मैं चाहती हूँ कि शिक्षक पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों से हटकर शिक्षण के अभिनव तरीकों की ओर उन्मुख हों, जहां छात्रों की अंतर्निहित रचनात्मकता और रुचि का उत्कृष्टता के स्तर तक पोषण किया जाए। इससे न केवल छात्रों को*

*उनकी रुचि या प्रतिभा के क्षेत्र में व्यवसाय करने का लाभ मिलेगा बल्कि देश को सभी विविध क्षेत्रों में विशेषज्ञ पेशेवरों का एक समूह बनाने में भी मदद मिलेगी।"*

इस अवसर पर बोलते हुए श्री मनोज आहूजा अध्यक्ष सीबीएसई ने कहा *"शिक्षकों का दृष्टिकोण, समर्पण, आत्म-अनुशासन, आदर्श, प्रशिक्षण और आचरण ही है जो शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता लाता है। पूरे देश के साथ सीबीएसई को अपने शिक्षक समुदाय पर गर्व है।*

*बोर्ड का दृढ़ विश्वास है कि उत्कृष्टता कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं है। प्रत्येक शिक्षार्थी में हुनर और अंतर्निहित क्षमता होती है। हर बच्चा अद्वितीय है। इसीलिए हम विचारशीलता, देखभाल, उद्यम और प्रेरणादायक मानसिकता के साथ आगे बढ़ें। इस प्रकार शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का हर पहलू स्वतः ही आनंददायक हो जाएगा।*

*देश में मौजूदा कोविड स्थिति के मद्देनजर, आइए हम अपनी सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करें और दुनिया भर से सर्वोत्तम पद्धतियां भी सीखें और अपनी आवश्यकता और वातावरण के अनुसार उन्हें सही संदर्भ में अपनाएं।"*

प्रत्येक पुरस्कार में एक मेरिट प्रमाणपत्र, एक शॉल और ₹50,000/- की राशि शामिल है।

सीबीएसई 2018 से, एक पारदर्शी ऑनलाइन चयन प्रक्रिया का पालन करता है जो प्रत्येक श्रेणी के तहत सामान्य और विशिष्ट मानदंड के आधार पर आवेदकों और स्कूली शिक्षा, सामाजिक और सामुदायिक योगदान से संबंधित कई मानकों पर शिक्षकों के योगदान का मूल्यांकन करता है।

इस कार्यक्रम के जीवंत प्रसारण में शिक्षा मंत्रालय, एनवीएस, केवीएस, सीबीएसई के कई अन्य विशिष्ट अतिथि, प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र, अभिभावक और परिवारजन शामिल हुए।

**टीम सीबीएसई**

HMPR/2021/RS/TA/21.09.2021

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
"Shiksha Kendra", 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi - 110 092
फोन / Telephone : +91-11-22509256, 22509257 वेबसाइट/Website: www.cbse.nic.in